Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 29 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 211

# यूपी के उन्नाव में भयानक हादसा, बस को चीरते हुए निकल गया ट्रक, 7 लोगों की मौत, कई घायल

**उन्नाव** । आरएनएस

यूपी के उन्नाव में आमने-सामने की टक्कर के बाद ट्रक ने बस को एक साइड से चीर दिया। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है जबकि 25 से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें से कई की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने सभी को प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है।

हादसा सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में जमल्दीपुर के पास हुआ है। पुलिस ने हालांकि अभी छह के मरने की पुष्टि की है। तीन लोगों की पहचान हुई है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। जानकारी के अनुसार बांगरमऊ की ओर से उन्नाव आ रही निजी बस सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के जमल्दीपुर गांव के पास पहुंची थी। इसी दरम्यान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बस को एक तरफ से चीरते हुए ट्रक आगे निकल गया। हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। घायल लोग बसों से बाहर तक लटके दिखाई दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन घायलों को सीएचसी सफीपुर पहुंचाया।

बताया जाता है कि ट्रक बस को चालक की तरफ से रागड़ते हुए निकल गया. इससे चालक की तरफ बैठे 6 लोगों की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार ट्रक बरेली नंबर का है और बस उन्नाव से हरदोई की तरफ जा रही थी. तभी यह हादसा हुआ है. पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है. वहीं सूचना मिलने पर मौके पर जिला अस्पताल पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई.

**मरने वालों में 4 पुरुष और दो महिला शामिल-** दुर्घटना को लेकर सीओ सफीपुर ऋषि कान्त शुक्ला ने बताया कि जमालुद्दीनपुर के पास ट्रक और बस में टक्कर हो गई है. हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई. इसमें 2 महिला और 4 पुरुष शामिल हैं. इसमें करीब 20 से 22 लोग घायल हैं. इनमें 9 लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है और उतने ही लोगों को कानपुर हैलट भेजा गया है. ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया गया है. आगे की कार्रवाई की जा रही है.



**सीएम योगी ने जताई संवेदना-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्नाव में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया. सीएम योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने निर्देश दिया. मुख्यमंत्री ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए.इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है. मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए.

## कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

**बछरावां,रायबरेली (आरएनएस)।** रविवार दोपहर पूरे रघुराज सिंह का पुरवा थाना सरेनी निवासी होरीलाल पुत्र बाबूलाल अपनी पत्नी पवन कुमारी के साथ मोपेड पर सवार हो लालगंज की ओर जा रहे थे। तभी बांदा बहराइच हाईवे पर पश्चिम गांव के पास ट्रक को ओवरटेक कर रही कार ने उनकी मोपेड को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में होरीलाल की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पर उनकी पत्नी उछलकर खाई में जा गिरी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल पवन कुमारी को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।वही कार चालक वाहन छोडक़र घटनास्थल से फरार हो गया है। तेज टक्कर के चलते मोपेड के परखच्चे उड़ गए। जानकारी प्राप्त हुई है की महिला की जिला अस्पताल में इलाज केदौरान मौत हो गई है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया, कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। कार को कब्जे में ले लिया गया है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

## गुजरात की समुद्री सीमा के पास 14 पाकिस्तानियों को किया गया गिरफ्तार, 500 करोड़ की ड्रग्स बरामद




**अहमदाबाद** । आरएनएस

भारतीय कोस्ट गार्ड ने गुजरात की समुद्री सीमा पर एक अभियान चलाकर 14 पाकिस्तानियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार इनके पास से 90 किलों ड्रग्स बरामद की गई है। ड्रग्स की कीमत 500 करोड़ बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), गुजरात एटीएस और कोस्ट गार्ड ने गुजरात के तटीय क्षेत्र में संयुक्त तौर पर ऑपरेशन चलाकर नशे की तस्करी को रोकने में कामयाबी हासिल की है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, इसे लेकर कुछ दिन पहले ही खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद एजेंसियों ने साथ मिलकर पूरी तैयारी के साथ ड्रग्स तस्करी को रोका गया।

## तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक की खड़ी बस से टक्कर, चुनाव ड्यूटी पर जा रहे दो पुलिसकर्मियों की मौत; 12 घायल

**पटना** । आरएनएस

बिहार के गोपालगंज जिले में एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक की एक खड़ी बस से टक्कर हो गई। हादसे में दो पुलिस कर्मी मारे गये और 12 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना के शिकार सभी पुलिसकर्मी चुनाव ड्यूटी के लिए सुपौल जा रहे थे। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान पवन महतो और अशोक उरांव के रूप में हुई है।



एक पुलिस अधिकारी ने बताया, पुलिस लाइन गोपालगंज के लगभग 45 सिपाही चुनाव ड्यूटी के लिए सुपौल की ओर जाने वाली बस में यात्रा कर रहे थे। जब बस सिधवलिया थाने के बरहिमा मोड़ पर पहुंची, तो चालक ने नाश्ते के लिए सडक़ किनारे ढाबे पर बस रोक दी। अधिकांश सिपाही बस से उतरकर नाश्ता करने चले गये जबकि कुछ लोग बस के अंदर ही बैठे रहे। इसी बीच एक कंटेनर ट्रक ने बस में टक्कर मार दी।

उन्होंने कहा, इस दुर्घटना में दो सिपाहियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 12 सिपाही घायल हो गए। हमने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। अधिकारी ने बताया, हमने ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने के लिए आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है और कंटेनर ट्रक को जब्त कर लिया है।

## संगरूर जेल हत्याकांड में बड़ी कार्यवाई, जेल अधीक्षक समेत तीन कर्मचारी निलंबित

**संगरूर** । आरएनएस



संगरूर जेल हत्याकांड की जांच रिपोर्ट सामने आ गई है, हत्या मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधीक्षक समेत तीन अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, दस कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

संगरूर जिला जेल में झड़प के दौरान दो कैदियों की मौत के बाद पंजाब जेल विभाग की ओर से की गई जांच के आधार पर जेल अधीक्षक सहित चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के आदेश के अलावा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में जेल अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया गया है।

19 अप्रैल को हुई झड़प में दो कैदी मोहम्मद हरीश और धर्मेंद्र की मौत हो गई थी। वहीं दो अन्य कैदी घायल हो गए। घायल गंगदीप और सहबाज का सरकारी राजिंदरा अस्पताल में इलाज चल रहा है। एसपीडी पलविंदर सिंह चीमा ने कहा कि जेल अधीक्षक किरायेदार मंजीत सिंह तिवाना, सहायक जेल अधीक्षक राम लाल, हेड वार्डर मलकियत सिंह और एक वार्डर अवतार सिंह को निलंबित कर दिया गया है, जबकि मामले की न्यायिक जांच भी चल रही है।

पुलिस ने आईपीसी की धारा 302, 307, 353, 186, 120बी, 148 और 149 के तहत संगरूर दस जेल कैदियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, पिता पुत्र की मौत, 6 घायल

**हरदोई** । आरएनएस



कटरा बिल्हौर हाईवे पर सवायजपुर के पास जानवर सामने आ जाने से एक वैगनआर कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि 3 बच्चों समेत 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जिले की कोतवाली सवायजपुर क्षेत्र में वृंदावन तिराहा के निकट आज रविवार सुबह एक बैगन कार अनियंत्रित होकर बबूल के पेड़ से टकरा गई।हादसे में कार सवार रहीस खान (65) पुत्र अली खान व शाकिब (45) पुत्र रहीस खान निवासी ग्राम मानीमऊ थाना सांडी की मृत्यु हो गई। इसके अलावा शरीफ खान (35) पुत्र रईस खान, मैशर खान (43) पत्नी साकिब, नूही (32) पत्नी शरीफ, हकीम08 पुत्र शाकिब, रुमाना (09) पुत्री शाकिब, शिजा (01) पुत्री शरीफ सर्व निवासी ग्राम मानीमऊ थाना सांडी जनपद हरदोई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय हरदोई रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सभी पाली कस्बे में एक वैवाहिक समारोह में शामिल होने के लिए गए थे और सुबह वहीं से वापस लौट रहे थे। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अग्रिम कार्यवाही में जुटी है।

## घाटी में पहाड़ों पर हिमपात : रामबन में भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद; बड़ी संख्या में वाहन फंसे

**श्रीनगर** । आरएनएस



पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, मुगल रोड, किश्तवाड़, डोडा समेत सभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व कई निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला दिनभर जारी रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर रामबन जिला में कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने व भूस्खलन होने से यातायात कई बार रोकना पड़ा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा।

यातायात विभाग ने जम्मू से श्रीनगर के बीच यात्रा करने वालों को सफर शुरू करने से पहले हाईवे की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है। वहीं, जम्मू संभाग को कश्मीर संभाग से पुंछ जिले के रास्ते जोडऩे वाला मुगल रोड भी बर्फबारी के चलते यातायात के लिए बंद हो गया है।

कई जगह हिमपात, हिमस्खलन और भूस्खलन से करीब 50 वाहन फंस गए, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। उधर, किश्तवाड़ से अनंतनाग को जोडऩे वाला संथनटाप मार्ग पहले से बंद है। मौसम को देखते हुए किश्तवाड़ जिले में स्कूल बंद रखे गए। ताजा वर्षा व बर्फबारी से तापमान में गिरावट आने से कश्मीर एक बार फिर ठंड की चपेट में है। लोगों को फिर से गर्म कपड़े पहनने तथा गर्मी पहुंचाने वाले उपकरणों का सहारा लेना पड़ रहा। मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक कश्मीर में पहाड़ों पर बर्फबारी व वर्षा की संभावना जताई है।

## खसरे ने बरपाया कहर : 19 बच्चों की मौत, 200 से अधिक की हालत गंभीर- एडवाइजरी जारी

**अबुजा**



नाइजीरिया के पूर्वोत्तर राज्य अदामावा में संदिग्ध खसरे के प्रकोप से अब तक कम से कम 19 बच्चों की मौत हो चुकी है। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अदामावा में स्वास्थ्य आयुक्त फेलिक्स तांगवामी ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि मुबी उत्तरी स्थानीय सरकारी क्षेत्र में खसरे के प्रकोप से 200 से अधिक बच्चों के प्रभावित होने का संदेह है।

आधिकारिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि 19 मौतें खसरे के प्रकोप की जटिलताओं के कारण हुई। श्री तांगवामी ने कहा कि विकास के कारण प्रभावित समुदायों के लिए डॉक्टरों और दवाओं की त्वरित व्यवस्था हुई।

खसरा एक वायरल संक्रमण है जो पांच साल से कम उम्र के बच्चों में आम है लेकिन इसे टीकों के जरिए आसानी से रोका जा सकता है। यह खांसने या छींकने से उत्पन्न श्वसन बूंदों द्वारा हवा में फैलता है।

उन्होंने कहा कि गंभीर संक्रमण वाले बच्चों को विशेषज्ञ अस्पतालों में भेजा जाएगा, जबकि उन्होंने अपने बच्चों का टीकाकरण कराने से इनकार करने के लिए माता-पिता को दोषी ठहराया।

## 60 की उम्र में मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स का खिताब जीत लॉयर ने रचा इतिहास

**न्यूयॉर्क**



60 साल की एलेजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज ने मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स 2024 का खिताब अपने नाम कर नया इतिहास रच दिया है। उनके कई सारे फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एलेजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स प्रांत की राजधानी ला प्लाटा की रहने वाली हैं, जो पेशे से एक वकील और पत्रकार हैं। वहीं, हर कोई इस बात से हैरान है कि उन्होंने ऐसा कर दिखाया है।

**60 की उम्र में पहना मिस यूनिवर्स 2024 का ताज-** एलेजांद्रा मारिसा रोड्रिग्ज ने 60 साल की उम्र में मिस यूनिवर्स ब्यूनस आयर्स 2024 का ताज अपने नाम कर उम्र और सुंदरता के बारे में रूढ़िवादिता की छोटी सोच को करारा जवाब दिया है, जो ऐसा बोलते हैं सुंदरता बस एक उम्र तक ही रहती है। साथ ही एलेजांद्रा ने अपनी जीत से दुनिया भर के लोगों को प्रेरित किया है। एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्ट के मुताबिक, रोड्रिग्ज की जीत एक ऐसा ऐतिहासिक क्षण है, जिसका सदियों तक याद रखा जाएगा, क्योंकि वे पहली ऐसी महिला हैं, जिन्होंने 60 की उम्र में ये खिताब जीता है।

**60 की उम्र में खिताब जीतने वाली पहली महिला बनीं एलेजांद्रा-** इतना ही नहीं, उनकी कई सारी फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें उनकी खूबसूरत स्माइल और अंदाज फैंस का दिल जीत रहा है। साथ ही हर कोई उनकी खूब तारीफ भी कर रहा है।

एक्स (ट्विटर) पर शेयर किए गए वीडियो के मुताबिक, इस जीत के साथ रोड्रिग्ज मई 2024 में होने वाले मिस यूनिवर्स अर्जेंटीना के राष्ट्रीय चयन में ब्यूनस आयर्स का रिप्रेजेंट करने के लिए तैयार है। वे मिस यूनिवर्स वर्ल्ड कॉम्पिटिशन का भी हिस्सा बनने वाली हैं, जहां वो 28 सितंबर, 2024 को अर्जेंटीना का झंडा ले जाएंगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ ममता सरकार की याचिका पर आज सुप्रीमकोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट 2016 में डब्ल्यूबीएसएससी द्वारा शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर की गई 25,753 नियुक्तियों को रद्द करने के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की दायर याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित जानकारी के अनुसार, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ 29 मार्च को मामले की सुनवाई करेगी। पिछले हफ्ते पारित एक आदेश में, कलकत्ता हाईकोर्ट ने राज्य के माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों की नौकरियों के लिए 2016 में सूचीबद्ध सभी 25,753 व्यक्तियों की नियुक्ति को रद्द कर दिया। हाईकोर्ट के न्यायाधीश देबांगसु बसाक और शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने आदेश दिया कि समाप्त पैनल से चयनित उम्मीदवारों को अगले चार सप्ताह के भीतर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ लिया गया पूरा वेतन वापस करना होगा। पीठ ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) को नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देने के अलावा, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को मामले की जांच जारी रखने का भी निर्देश दिया।

### महिला सिंगर ने दोस्त पर लगाया रेप और ब्लैकमेल का आरोप, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ (आरएनएस)।** लखनऊ में 29 साल की एक सिंगर ने अपने पुरुष दोस्त पर शराब में नशीला पदार्थ मिलाने और आर्थिक मदद के बहाने उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने शनिवार को एफआईआर दर्ज की। जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने अपने सिंगिंग करियर को आगे बढ़ाने के लिए अपने सोने के गहने गिरवी रखकर एक स्टूडियो खोला था, लेकिन स्टूडियो के इंटीरियर डेकोरेटर द्वारा और पैसे मांगने के कारण उसके पास रुपयों की कमी हो गई। महिला सिंगर ने बताया कि उसका परिचय आशियाना के साहूकार ब्रिजेश यादव से हुआ था। पीड़ित ने कहा, ब्रिजेश मेरी मदद करने के लिए तैयार हो गया। उसने मुझे पैसे देने और एग्रीमेंट के लिए स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करने के लिए अपने दफ्तर में बुलाया। जब मैं उनके दफ्तर में पहुंची, तो उन्होंने मुझे नशीला पदार्थ मिला हुआ ठंडा पानी पीने को दिया। जिसे पीने के बाद मैं बेहोश हो गई, इसके बाद उसने मेरे साथ बलात्कार किया और मोबाइल पर घटना का वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने एक महीने से ज्यादा समय तक मुझे ब्लैकमेल कर मेरा यौन शोषण किया। पारा थाने के एसएचओ ब्रिजेश कुमार वर्मा ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

### सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री के पोते प्रज्वल रेवन्ना, सामने आई अश्लील वीडियो

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के बीच पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। इस मामले को लेकर कर्नाटक सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इस बीच, प्रज्वल ने देश छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं। बता दें कि 26 अप्रैल को कर्नाटक के पहले फेज के हुए मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कई वीडियोज वायरल हुए। आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना हजारों महिलाओं के उत्पीडऩ और यौन शोषण में शामिल हैं और उन्होंने इन कृत्यों को रिकॉर्ड भी किया है। उनमें रिकॉर्डिंग में घर पर काम करने वाली नौकरानियां और हाई प्रोफाइल महिलाएं शामिल हैं। वहीं, हसन सांसद ने भी एफआईआर दर्ज करवाते हुए कहा है कि वीडियोज में छेड़छाड़ की गई है और उनकी छवि खराब करने और वोटर्स के दिमाग में जहर भरने के लिए उसे प्रसारित किया जा रहा है। इंटरनेट पर वीडियोज वायरल होने के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सिद्धारमैया से एसआईटी जांच करवाने का अनुरोध किया था। जांच का आदेश देते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, प्रज्वल रेवन्ना के अश्लील वीडियो मामले में सरकार ने एक एसआईटी बनाने का फैसला किया है।